# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 28 आषाढ़, 1941 (श०) / 19 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 131

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | .24 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 66 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 23 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग - | 131 |

महिला चिकित्सक का पदस्थापन

*1692. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड के रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में कबतक महिला चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लीगल ऐड केन्द्र स्थापित करना

*1693. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में लीगल ऐड केन्द्र की स्थापना सरकार को करनी है, परन्तु कहीं भी अबतक कोई भी केन्द्र की स्थापना नहीं हुई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लीगल ऐड केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लीगल ऐड क्लीनिक) विनियमावली, 2011 के विनियम-3 के अन्तर्गत वित्तीय संसाधन उपलब्ध होने की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सभी गाँव अथवा गाँव के समूहों में, जो गाँव के आकार पर निर्भर करता है, विशेष रूप में जहाँ लोगों को भौगोलिक, सामाजिक एवं अन्य बाधाओं के कारण विधिक सेवा संस्थानों द्वारा कानूनी सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती है, लीगल ऐड क्लीनिक स्थापित किये जाने का प्रावधान है ।

(2) वर्तमान में दिनांक 31 अगस्त, 2018 तक पूरे बिहार के सभी 37 जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 645 लीगल ऐड क्लीनिक स्थापित किये जा चुके हैं ।

--------

स्थानान्तरण करना

*1694. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ बिहार, पटना के पत्रांक 634(22), दिनांक 6 जून, 2000 एवं मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के संकल्प संख्या 3918, दिनांक 3 अक्टूबर, 1980 के अन्तर्गत अराजपत्रित कर्मचारियों का स्थानान्तरण एवं पदस्थापना करने की अवधि 2 वर्ष ही निर्धारित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री अनन्त प्रसाद सिन्हा, प्रधान लिपिक, सिविल सर्जन कार्यालय जमुई में तीन वर्षों से भी अधिक समय से पदस्थापित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री सिन्हा का स्थानान्तरण किसी दूसरे जिला में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुमति देना

*1695. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति (BSACS) के संविदागत कर्मियों का दिनांक 3 अक्टूबर, 2013 से 31 अक्टूबर, 2015 तक पुनरीक्षित एवं वार्षिक मानदेय वृद्धि तथा दिनांक 1 अप्रील, 2017 से 31 मार्च, 2018 तक वार्षिक मानदेय वृद्धि की अंतर राशि सहित अन्य वेतन मद के बकाया का भुगतान लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि BSACS के पत्रांक 966, दिनांक 27 फरवरी, 2019 द्वारा मानदेय मद का बकाया 349.15 लाख रु0 सहित कुल 19.26 करोड़ रुपया राशि वित्तीय वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 में व्यय हेतु स्वास्थ्य विभाग से अनुमति प्रदान करने की माँग की है परन्तु 3 माह के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यय की अनुमति नहीं देने से एड्स कर्मियों का मानदेय मद के बकाया का भुगतान लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तत्काल उक्त राशि के व्यय की अनुमति देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

न्यायालय की स्थापना करना

*1696. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया अनुमंडल में न्यायालय की स्थापना हेतु आधारभूत संरचना नहीं रहने से राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों का सृजन नहीं किया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक आधारभूत संरचना उपलब्ध कराकर पदों का सृजन कर चकिया अनुमंडल में न्यायालय की स्थापना करने का विचार रखती है ?

--------

मुआवजा राशि देना

*1697. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस, ग्राम-पदुमशीडिहरा के कृष्णाकान्त तिवारी एवं गोपाल तिवारी, पिता-स्व0 रामबच्चन तिवारी तथा बिगु मुसहर, पिता-श्री करण मुसहर का बिजली से दिनांक 27 जून, 2019 को मृत्यु हो गयी है परन्तु अभीतक मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रित को मुआवजा देने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1698. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनिया प्रखंड के मड़पा ताहिर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने की सूची में नाम दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ललबकिया एवं बागमती के मुहाने पर स्थित मड़पा ताहिर के निकट अनेक कमजोर वर्ग की आबादी का गाँव आज भी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मड़पा ताहिर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1699. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत रेफरल अस्पताल, चकाई एवं सामुदायिक अस्पताल, सोनों में प्रसूति एवं महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से महिला मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार महिलाओं के समुचित इलाज हेतु उक्त दोनों वर्णित अस्पतालों में कबतक महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1700. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड के रेफरल अस्पताल का भवन अत्यंत जर्जर है एवं हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, साथ ही चिकित्सा कार्य प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि देना

*1701. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत दिनांक 2 अक्टूबर, 2018 को राधा कुमारी, पिता-बबलु यादव, सा0-मिलिक पोखरकन्ना, थाना-मनिहारी, जिला-कटिहार स्नान करते समय गंगा नदी में डूब गई थी । दिनांक 3 अक्टूबर, 2018 को लाश बरामद हुई । पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद प्रतिवेदन विभिन्न माध्यमों की अनुशंसा के बाद आपदा प्रबंधन कार्यालय, कटिहार भेजा गया लेकिन आजतक सरकारी अनुदान राशि मृतक के परिवार को उपलब्ध नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को अनुदान राशि दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण

*1702. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के माँझा प्रखंड में निमुईयां, मंगला बाजार में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने के कारण दियारा इलाके के वृद्ध, लाचार, महिला को काफी दूरी तयकर इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माँझा जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार निमुईयां, मंगला बाजार में स्वास्थ्य उप-केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौन्दर्यीकरण करना

*1703. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत बगहा-1 अंचल स्थित बांस गाँव मंझरिया में पिपलेश्वर महादेव का लगभग 600 वर्ष पुराना मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग पाँच एकड़ का एक सुन्दर-सा पोखर मंदिर के सामने विराजमान है जिसमें कमल का फूल शोभा बढ़ाते थे ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस पोखर को मंदिर से लेकर मछुआरों को दिये जाने के कारण पोखर की सुन्दरता नष्ट हो गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस पोखर का अधिग्रहण कर सौन्दर्यीकरण का कार्य करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*1704. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किसनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा के 235 बी0 पी0 एल0 परिवार का घर वर्ष 2004 में कोसी की भीषण बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था, तत्काल आपदाग्रस्त परिवार को सरकार द्वारा 25,000 रुपये स्वीकृत किया गया था, जिसमें ग्राम-बौराहा, गोढ़ियारी के सूचीबद्ध लोगों को 10,000 रुपये का प्रथम किश्त भुगतान किया गया और 15,000 रुपये का द्वितीय किश्त का अबतक भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार बौराहा एवं गोढ़ियारी के शेष बचे 33 लोगों को शेष राशि का कबतक भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबल का तार बदलना

*1705. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला (मोतिहारी) के हरसिद्धि विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड एवं हरसिद्धि प्रखंड में कुल मिलाकर 33 पंचायत हैं यानी तुरकौलिया में 14 पंचायत एवं हरसिद्धि में 19 पंचायत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित प्रखंड के उक्त पंचायतों में विगत 5 वर्ष पूर्व में पोल पर लगाये गये केबल का तार जर्जर हो जाने के कारण विद्युत् आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होता है जिससे ग्रामीण जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित प्रखंड के उक्त पंचायतों में जर्जर हो चुके केबल का तार बदलकर विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओपेन जिम्नाजियम लगाना

*1706. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की संशोधित मार्गदर्शिका 2014 की कंडिका 6 में संशोधन के तहत जिम्नाजियम सिर्फ राज्य के सरकारी महाविद्यालय में लगाने हेतु प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखंड स्थित महंथ शिव शंकर गिरि महाविद्यालय में जिम्नाजियम नहीं लगाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त महाविद्यालय में ओपेन जिम्नाजियम लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था

*1707. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखंड के ग्राम-वीर, महादेव स्थान में प्राचीन महादेव स्थान अवस्थित है, जहाँ पर वसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि के सुअवसर पर मेला का आयोजन किया जाता है परन्तु मेले में आये हुये श्रद्धालुओं के लिये पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मेले में आये श्रद्धालुओं के लिये पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1708. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 5 वर्षों से दो चिकित्सक का पद रिक्त है तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर जीवन रक्षक दवाएँ एवं साधारण दवाएँ उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण रोगियों को दवा प्राईवेट दुकान से खरीदना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक के रिक्त पद पर प्रतिनियुक्ति एवं दवाओं की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

स्वा० केन्द्र की स्थापना

*1709. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर के गौराडीह प्रखंड अंतर्गत शालपुर पंचायत के कासिल ग्राम निवासी गुलाबी यादव द्वारा वर्ष 1999 में 10 डीसमल जमीन बिहार सरकार को दान स्वरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1999 से आजतक उक्त पंचायत के निवासियों हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण के संबंध के कुछ नहीं किया गया है और उक्त ग्राम के मरीजों को आज भी 10 किलो मीटर की दूरी तयकर भागलपुर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1710. श्री ललन पासवान--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''95 बाल सुरक्षा स्वास्थ्यकर्मियों की होनी थी बहाली कर दी गयी 102'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, सासाराम में संविदा पर बहाल होने वाले 95 बाल सुरक्षा स्वास्थ्यकर्मियों की जगह विभाग द्वारा 102 कर्मियों की बहाली, कर दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लागू करना

*1711. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा अयोग एवं बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से सम्बन्धित तकनीकी पदों के लिये लिखित परीक्षा का अयोजन न कर मात्र शैक्षणिक योग्यता, अंक एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन की प्रक्रिया अपनाएँ जाने सम्बन्धित आदेश पत्रांक 21/बी० पी० एस० सी० 01/2016, स्वास्थ्य प्र०- 15408, दिनांक 16 नवम्बर, 2016 इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान शेखपुरा, पटना में लागू नहीं है, यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार उपर्युक्त आदेश को इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना में लागू कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

मरम्मती कराना

*1712. डॉ० अशोक कुमार(क्षेत्र सं० 139)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, गिरहा का भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण मरीजों को भारी कठिनाइयों का समना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1713. सुश्री पुनम कुमार उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में कोढ़ा प्रखंड अन्तर्गत विनोदपुर पंचात के वार्ड नं० 4 आदिवासी बहुल क्षेत्र है परन्तु आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्ड में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1714. श्री अमर नाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखंड अंतर्गत हायाघाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सरकार द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के लिये सरकार द्वारा राशि भी उपलब्ध करा दी गयी परन्तु प्रशासनिक उदासीनता के कारण अजतक भवन निर्माण नहीं होने से हायाघाट के आम नागरिकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण अतिशीघ्र प्रारम्भ करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*1715. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में ''अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों'' को समूह 'घ' के रिक्त पदों के विरुद्ध संकल्प सं० 945, दिनांक 27 अप्रील, 2017 के अनुसार समायोजन/नियुक्ति हेतु आदेश प्रदान किया गया था, जिसके आलोक में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कटिहार को कुल '65' अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को समायोजन/नियुक्ति करना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कटिहार ने अपने पत्रांक 942, दिनांक 5 अप्रील, 2019, पत्रांक 1007, दिनांक 16 मई, 2019 एवं पत्रांक 1336, दिनांक 27 जून, 2019 के माध्यम से निदेशक प्रमुख (रोग नियंत्रण), स्वास्थ्य सेवायें, बिहार से '65' अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों के समायोजन/नियुक्ति हेतु अनुमति की माँग की गयी है, जो अबतक अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार '65' अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को कबतक समायोजन/नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विस्थापित परिवार को बसाना

*1716. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उचकागाँव प्रखंड के नवादा, परसौनी, खास पंचायत के मकसुदपुर ग्राम में खाता सं० 154, खेसरा सं० 633, थाना नं० 778, रकबा 11.50 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण मुख्य नहर तटबंध पर 200 विस्थापित परिवार 10 वर्षों से अधिक से जीवनयापन कर रहे हैं और उन्हें उपर्युक्त सरकारी जमीन पर बसाये जाने की माँग 7 वर्षों से विस्थापितों द्वारा की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन पर विस्थापित परिवारों को बसाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल बनाना

*1717. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 44(10), दिनांक 15 जून, 2009 के द्वारा सदर अस्पताल, गोपालगंज को 500 शय्या वाला अस्पताल किये जाने की स्वीकृति देते हुये चिकित्सीय एवं गैर-चिकित्सीय पदों की स्वीकृति दी गयी, परन्तु आजतक गोपालगंज सदर अस्पताल को 500 शय्या वाला अस्पताल नहीं बनाया गया, यदि हाँ, तो सरकार गोपालगंज सदर अस्पताल के ज्ञापांक 44, दिनांक 15 जून, 2009 के आलोक में 500 शय्या वाला अस्पताल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोल तार लगाना

*1718. श्री रणविजय सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बाढ़ प्रखण्ड के गाँव रूपसपुरटोला-मनराज सिंह टोला में मात्र एक ही ट्रांसफॉर्मर लगा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर से सैकड़ों मीटरधारी ग्रामीणों द्वारा बाँस-बल्ले एवं मकानों की दीवार के सहारे तार द्वारा बिजली लिया जा रहा है, जिससे वर्षा के दिनों में जानमाल एवं ग्रामीणों के क्षति होने की प्रबल संभावना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँव मे पोल गाड़ कर बिजली के तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राशि का भुगतान

*1719. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन शाखा सीवान के पत्रांक-366, दिनांक 4 मई, 2019 द्वारा जिला पदाधिकारी, गोपालगंज को सड़क दुर्घटना में मृत गौरी कुमार, पिता-योगेन्द्र रावत एवं विजेन्द्र रावत, पिता वकील रावत, ग्राम-मठिया, थाना-बैकुंठपुर, जिला-गोपालगंज को अभिलेख संख्या 14/2018/19 द्वारा 4-4 लाख रुपये आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान एक हफ्ते के अन्दर किये जाने हेतु पत्र लिखा गया था परन्तु अभीतक मृतक के आश्रित परिजनों को 4-4 लाख रुपये के अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मृतक के आश्रित परिजनों को कबतक राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1720. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के शिवानन्दपुर पंचायत में एक प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र है लेकिन उसका अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वा० उप-केन्द्र के भवन का निर्माण

*1721. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखण्डान्तर्गत लौना पंचायत के लौना ग्राम में सरकारी जमीन की उपलब्धता के बावजूद भी प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र किराये के मकान में संचालित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1722. श्री समीर कुमार महासेठ --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के संकल्प सं० 434, दिनांक 1 मार्च, 2007 द्वारा सरकारी सेवा में पति-पत्नी के रहने पर यथा संभव एक ही स्थान पर पदस्थापन एवं अंतिम वर्ष में इच्छानुरूप पदस्थापन प्रावधानित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉ० सूरज नायक की पत्नी श्रीमती कुमारी कविता मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा में-सह-प्राध्यापक के पद पर कार्यरत रहने तथा डॉ० नायक की सेवानिवृति की अवधि एक वर्ष ही शेष रहने की सूचना के बावजूद डॉ० नायक को स्वास्थ्य विभाग की अधिसूचना सं० 668, (17), दिनांक 24 सितम्बर, 2018 द्वारा दरभंगा से अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया स्थानान्तरित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संकल्प सं० 434, दिनांक 1 मार्च, 2007 का अनुपालन करते हुये कबतक डॉ० नायक का पदस्थापन दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय में करने का विचार रखती है ?

-------------

भवन का निर्माण

*1723. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखण्ड में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन तीन वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है लेकिन अभीतक भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मेडिकल कॉलेज खोलना

*1724. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के युवाओं को उच्च तकनीकी शिक्षा हेतु राज्य के बड़े जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कोई मेडिकल कॉलेज नहीं होने के कारण युवाओं को पठन-पाठन में काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति है कि राज्य के झंझारपुर (मधुबनी), सीतामढ़ी, बेगूसराय, महुआ (वैशाली), समस्तीपुर, पूर्णियाँ, छपरा (सारण), सीवान, भोजपुर, बक्सर एवं जमुई जिलों को चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल की स्थापना हेतु चयनित किया गया है।

(2) अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति है कि औरंगाबाद के निकटवर्ती जिलों यथा गया, भोजपुर, एवं बक्सर में या तो पूर्व से चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित है अथवा स्थापित करने की योजना है जिससे औरंगाबाद जिलों के छात्र लाभांवित हो सकते हैं । साथ ही रोहतास में निजी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल कार्यरत है।

(3) उपर्युक्त कंडिकाओं में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान

*1725. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन थाना के बगलबारी पंचायत के रहमतपाड़ा निवासी शमशाद आलम, पिता-अजिमुद्दीन की मृत्यु दिनांक 5 जनवरी, 2018 को सामूहिक सड़क दुर्घटना में हो गई थी, अभिलेख सं० 44/2017-18 के द्वारा मृतक के परिजनों द्वारा अनुग्रह अनुदान राशि हेतु दावा किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मृतक शमशाद आलम के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आपदा राशि देना

*1726. श्री शहनवाज--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017-18 में अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के ग्राम सिमरिया के शहनवाज, पिता-मो० वकील की मृत्यु बाढ़ में डूबने के कारण हो गयी थी किन्तु आजतक आपदा राशि मृतक के आश्रितों को प्रदान नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मृतक के परिवार के आश्रितों को आपदा राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराना

*1727. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--दिनांक 17 जनवरी, 2019 को स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''हाईवा ने मायके जाने के लिये सड़क पार कर रही महिला को रौंदा, मौत'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 16 जनवरी, 2019 को अनिसाबाद स्थित बाललमीचक चौराहे पर अनियंत्रित रफ्तार से आ रही ट्रक के धक्का लगने से ग्राम-ब्रह्मपुर निवासी श्रीमती मंजू देवी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी, जिसकी प्राथमिकी सं० 14/19, दिनांक 16 जनवरी, 2019 यातायात थाना, गाँधी मैदान में अंकित है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार मृतक के पति श्री नरेन्द्र राम एवं ग्रामीणों द्वारा दिनांक 1 फरवरी, 2019 को अनुग्रह अनुदान की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री/मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग/आपदा प्रबंधन विभाग/जिलाधिकारी, पटना एवं अन्य को आवेदन दिया जो आजतक विचाराधीन लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मृतक परिवार को कबतक अनुग्रह अनुदान राशि मुहैया करने का विचार रखती है ?

---------

अस्पताल संचालित कराना

*1728. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल आम जनता की चिकित्सीय सुविधा के लिये 2010 से बनकर तैयार है, जिसका अभीतक संचालन नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जन चिकित्सा के लिये तैयार अनुमंडलीय अस्पताल, पटोरी को आम जनता की चिकित्सकीय सुविधा के लिये संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## औचित्य बताना

*1729. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला गुरूगोविन्द सिंह अस्पताल, पटना सिटी में वर्ष 2011 में आउटसोर्सिंग के तहत साफ-सफाई मद में स्वास्थ्य कर्मियों की मिलीभगत से अधिक राशि का भुगतान किया गया है, जिसका जाँचोपरान्त उपाधीक्षक, गुरूगोविन्द सिंह अस्पताल के पत्रांक 703, दिनांक 30 जून, 2012 द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग को दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की गयी थी, परन्तु अभीतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, साथ ही दोषियों से अभी भी लेखा से संबंधित कार्य कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने एवं अभी भी लेखा संबंधी कार्य करवाने का क्या औचित्य है ?

---------

## पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*1730. श्री तारकशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर के विद्युत् मैदान में विद्युत् प्रमंडल कार्यालय के निकट पावर सब-स्टेशन का निर्माण हो रहा है, जिससे नगर में छः फीडर के द्वारा विद्युत् आपूर्ति की जायेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा फीडर का निर्माण कार्य धीमी गति से किये जाने के कारण पर्याप्त फीडर के अभाव में विद्युत् आपूर्ति अनियमित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण शीघ्र पूरा कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1731. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहद्दीनगर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्पानगर में दो-दो एम० बी० बी० एस० चिकित्सक का पद स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक-एक आयुष चिकित्सक प्रतिनियुक्त है लेकिन दोनों स्वास्थ्य केन्द्र पर दो-दो चिकित्सक का पद दो वर्षों से रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## मीटर रेंट बंद करना

*1732. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिजली कनेक्शन देते समय विभागीय मीटर दिया जाता है । जिसका रेंट जबतक कनेक्शन रहता है, तबतक लिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है, कि लगातार रेंट लिये जाने के कारण बिजली मीटर की कीमत से सौ गुणा से भी अधिक रेंट हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मीटर की कीमत चुकता हो जाने पर मीटर रेंट बंद करने अथवा एकमुश्त कीमत लेकर मीटर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## आश्रितों को मुआवजा देना

*1733. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत संदीप कुमार शर्मा, पिता विजय बहादुर शर्मा , ग्राम-पथलपुरा, प्रखंड करगहर का दिनांक 3 जून, 2019 एवं निगम देवी, पति-श्री कृष्णा सिंह, ग्राम-अगरसी डिहरा, प्रखंड कोचस का दिनांक 5 फरवरी, 2019 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक सरकार द्वारा मुआवजा की राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराना

*1734. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के लगमा पंचायत के लगमा मौजा के वार्ड नं० 6 में नदी के किनारे 100 के० वी० ए० के ट्रांसफॉर्मर द्वारा तीन वर्षों से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, जिसपर काफी लोड रहने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 200 के० वी० ए० का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर सुचारु रूप से विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1735. श्री सुधीर कुमार ऊर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकंदरा विधान सभा के सिकंदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, परन्तु स्वास्थ्य केन्द्र में अत्यधिक मरीज आने से मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

डॉक्टर एवं नर्स का पदस्थापन

*1736. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल, शेरघाटी में डॉक्टर के 30 पद एवं 'ए' ग्रेड नर्स के 60 पद सृजित हैं, जिसमें मात्र 9 डॉक्टर एवं 10 'ए' ग्रेड के नर्स ही कार्यरत हैं, तो क्या सरकार अनुमण्डलीय अस्पताल, शेरघाटी में स्वास्थ्य सुविधा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सृजित पदों के अनुरूप डॉक्टर एवं नर्स के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि अनुमण्डलीय अस्पताल, शेरघाटी में 7 चिकित्सा पदाधिकारी कार्यरत हैं एवं 10 परिचारिका 'ए' ग्रेड कार्यरत हैं ।

बिहार स्वास्थ्य सेवा अन्तर्गत 2,425 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 4,012 सामान्य चिकित्सक अर्थात् 6,437 चिकित्सकों एवं 9,130 परिचारिका 'ए' ग्रेड की नियुक्ति हेतु अधियाचना बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है । नियुक्ति होने के उपरान्त उपलब्धता के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की पदस्थापना आवश्यकतानुसार की जाएगी ।

---------

बिजली की आपूर्ति कराना

*1737. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर नगर परिषद् के वार्ड नं० 21 के डॉ० चौबे लेन में लक्ष्मी किराना स्टोर से दक्षिण तरफ जाने वाली मेन रोड में पोल संख्या 4 से किशोरी साव के मकान होते हुये अशोक राम के मकान तक बिजली का पोल नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं को बांस के सहारे उक्त गली में बिजली की आपूर्ति 6-7 साल से की जा रही है, जिसके कारण आँधी और बरसात के दिनों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो जाती है तथा जान-माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गली में बिजली का पोल गाड़ने एवं तार लगाकर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

एम्स की द्वितीय शाखा खोलना

*1738. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में एम्स की द्वितीय शाखा बिहार में खोलने की घोषणा की थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बढ़ती आबादी एवं मरीजों की संख्या के कारण एम्स की द्वितीय शाखा अबतक नहीं खुलने के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एम्स की द्वितीय शाखा अतिशीघ्र खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आपदा राशि का भुगतान

*1739. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत कोईलवर प्रखण्ड में रोड एक्सीडेन्ट में दिनांक 10 मार्च, 2018 को पुनम देवी, पति-ज्वाला ठाकुर, ग्राम/साकिन-महकमपुर एवं रवि यादव, पिता-नन्दजी यादव, ग्राम-बलुआ तथा गंगा नदी में डूबने से आशा कुमारी, नेहा कुमारी, पिता-रामकृत प्रसाद तथा छठी कुमारी, पिता-ललक बिन, ग्राम-ज्ञानपुर की मृत्यु हो गयी है, परन्तु उक्त मृतकों के आश्रितों को अभीतक आपदा सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतकों के आश्रितों को आपदा सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियोजित करना

*1740. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग अन्तर्गत सांख्यिकी निदेशालय के तहत कुल 11,831 सांख्यिकी स्वयंसेवकों को वर्ष 2012-13 में संविदा के आधार पर नियोजित किया गया था जिन्हें कृषि सांख्यिकी एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य हेतु प्रत्येक पंचायत में एक सांख्यिकी स्वयंसेवक की प्रतिनियुक्ति की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी सांख्यिकी स्वयंसेवकों को दिनांक 7 जून, 2016 को कार्य संतोषप्रद पाये जाने के बावजूद विभाग द्वारा नियोजनमुक्त कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सांख्यिकी स्वयंसेवकों को पुन: नियोजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थानान्तरण करना

*1741. मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा सदर अस्पताल के जिला स्वास्थ्य समिति के जिला एकाउन्ट मैनेजर रंजीत कुमार एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर प्रियरंजन मोदी एक ही जगह विगत कई वर्षों से कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कई वर्षों से एक ही जगह पर कार्यरत कर्मी का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोल-तार बदलना

*1742. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के बेलवा पंचायत वार्ड नं0 7 में वर्ष 1980 में बिजली कार्य किया गया था, जिसका तार और पोल की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे जान-माल के नुकसान की समस्या बनी रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिजली का पोल एवं तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान

*1743. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दुर्घटना में मृत व्यक्ति के उत्तराधिकारी को तत्काल अनुग्रह सहायता योजना के तहत 4 लाख अनुदान राशि दिये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि टूना यादव, पिता मन्नू प्रसाद यादव, ग्राम-बिहारी मडर टोला (टिकारामपुर) अंचल एवं थाना मुफस्सिल, जिला मुंगेर का खगड़िया जिला में दुर्घटना से मृत्यु होने के उपरांत उनके आश्रित को अनुदान राशि के लिए जिला अधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 152, 23 नवम्बर, 2018 के द्वारा जिला अधिकारी, मुंगेर को अनुशंसा भेजी गयी है, परंतु मृतक के आश्रित को अबतक अनुदान राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि दिलवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली आपूर्ति करना

*1744. डॉ0 संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर अन्तर्गत कमला नेहरू नगर, अदालतगंज, पारपुर जैसे कई स्लम बस्तियों में बडी संख्या में आम लोग निवास करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्लम बस्तियों में बांस के सहारे तथा नंगी तारों से बिजली की आपूर्ति की जाती है जिससे आये दिन झोपड़ियों में आग लग जाती है तथा जान-माल की काफी क्षति होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्लम बस्तियों में पोल एवं कवर तार लगाकर बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ग्रिड का निर्माण

*1745. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला अन्तर्गत अगियाँव प्रखण्ड/चरपोखरी प्रखंड एवं गड़हनी प्रखंड में ग्रिड का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर ग्रिड के चलते विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई होती है, जबकि प्रचुर मात्रा में सभी स्थानों पर भू-खंड भी उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर ग्रिड निर्माण कराकर विद्युत् आपूर्ति सुचारु रूप से करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*1746. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सन् 2017 में गोपालगंज जिले में आई बाढ़ में दिनांक 16 अगस्त, 2017 को सिधवलिया थाना के सदौंवा निवासी स्व0 विकास कुमार साह की मृत्यु बाढ़ के पानी में डूबने से हुई थी, जिसका शव 17 दिन बाद दिनांक 3 सितम्बर, 2017 को क्षतिग्रस्त स्थिति में बरामद किया गया था और दिनांक 5 सितम्बर, 2017 को महम्मदपुर थाना अन्तर्गत डुमरिया निवासी स्व0 राजदेव माँझी की मृत्यु भी बाढ़ में डूबने से हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की राशि का मुआवजा अबतक नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1747. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बंदरा के प्रखण्ड चिकित्सा प्रभारी का मुख्यालय में नहीं रहने के कारण अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर प्रखण्ड चिकित्सा प्रभारी को दंडित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नियुक्ति करना

*1748. डॉ0 अशोक कुमार (139)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जन-जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत् बिना जिला दण्डाधिकारी की अनुशंसा के वर्ष 2016 में अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के अधिवक्ताओं को विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्ति कर दी गई है, जो अभीतक कार्य कर रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि विधि विभाग के पत्रांक 9448, दिनांक 28 नवम्बर, 2018 के आलोक में 21 जिलों के जिला दण्डाधिकारी से विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति हेतु अनुशंसित सूची की माँग की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम के विरुद्ध नियुक्त विशेष लोक अभियोजक को हटाते हुए उक्त पत्रांक के आलोक में नये सिरे से विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अधिवक्ताओं को साथ-साथ अन्य वर्गों के अधिवक्ताओं को भी Cr.P.C. की धारा 24(8) के तहत् नियमानुसार विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) उक्त नियुक्ति सीआर0 पी0 सी0 की 24(8) के तहत् नियमानुसार की गयी है, अतएव नियुक्त विशेष लोक अभियोजक का कालावधि समाप्त होने पर ही नये सिरे से नियुक्ति पर विचार किया जा सकेगा ।

------------

बिजली उपलब्ध कराना

*1749. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग द्वारा रोहतास एवं कैमूर पहाड़ी पर बसे, नौहट्टा, रोहतास एवं अधौरा प्रखण्ड के सभी गाँवों को बिजली सोलर द्वारा दी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग द्वारा जिन गाँवों को सोलर से बिजली दी जा रही है वहाँ के किसानों को सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध नहीं करायी जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास एवं कैमूर जिलों के पहाड़ों पर बसे किसानों को सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मेडिकल कॉलेज चालू कराना

*1750. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राज्य के तीन मेडिकल कॉलेज पावापुरी मेडिकल कॉलेज, जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज, मधेपुरा मेडिकल कॉलेज, बेतिया को खोलने का निर्णय एक ही अधिसूचना से अधिसूचित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसमें दो मेडिकल कॉलेज बेतिया, पावापुरी वर्षों पूर्व संचालित हो गया तथा मधेपुरा में आजतक चालू नहीं किया जा सका है, जबकि सभी तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार है ;

(3) क्या उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मधेपुरा मेडिकल कॉलेज कबतक चालू कराने एवं विलम्ब के लिये जिम्मेवार पदाधिकारी को दंडित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*1751. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखंड में मंदार पर्वत पर बन रहे रोप-वे का निर्माण कार्य 18 माह में होना था परन्तु 4 साल बीत जाने पर भी इसका कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*1752. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि तकनीकी पदों पर बहाली बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा तकनीकी कोर्स के प्राप्तांक उच्चतर डिग्री एवं सरकारी कार्यानुभव के अंकों के आधार पर तैयार मेधा सूची एवं अनुशंसा पर की जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ड्रेसर के पद पर बहाली भी बिहार तकनीकी सेवा आयोग की अनुशंसा के आधार पर ही किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ए0एन0एम0/जी0एन0एम0/ चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति प्रावधानों के अनुरूप ड्रेसर के पद पर बहाली ड्रेसर कोर्स के प्राप्तांक, सरकारी कार्यानुभव के अंकों के आधार पर करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*1753. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अन्तर्गत बाईस स्वास्थ्य केन्द्र में से तेरह स्वास्थ्य केन्द्र के पास अपना भवन है, जिसमें चार भवन की स्थिति चिंताजनक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नौ स्वास्थ्य केन्द्र निजी मकान या पंचायत भवन में चलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी मकान या पंचायत भवन में चल रहे स्वास्थ्य केन्द्र को अपना भवन बनाने के साथ-साथ जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*1754. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री विकास योजना के अन्तर्गत पश्चिम चम्पारण जिला के बगहा-1 प्रखंड अन्तर्गत वर्ष 2018-19 में ग्राम-पतिलाड़ मौजे टोला में सार्वजनिक स्थल का चबुतरा का निर्माण एवं बगहा-2 प्रखंड के ग्राम-बरियरवा में सार्वजनिक स्थल पर चबुतरा का निर्माण तथा ग्राम-पैकवलिया में सार्वजनिक स्थल/चौराहा पर चबुतरा का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है परन्तु इन कार्यों का अभीतक भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पूर्ण योजनाओं का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निष्पादन में द्रुतगति देना

*1755. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कृषि कार्य हेतु दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत खेतों तक बिजली पहुँचाने हेतु कार्य पिछले एक वर्ष से अधिक से चल रहा है परन्तु कार्य धीमी गति से चलने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना के निष्पादन में द्रुतगति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क बनाना

'क'-*1756. श्री नीरज कुमार सिंह (क्षेत्र सं0 45)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल जिले के सैकड़ों पंचायत में बाढ़ आश्रय स्थल बनाया गया है जो देख-रेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा है एवं आश्रय स्थल तक पहुँचने के लिये पक्की सड़क भी नहीं है जिसकी वजह से वह उपयोग में नहीं आ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल के रख-रखाव की व्यवस्था करते हुये सभी स्थलों तक पहुँचने के लिये पक्की सड़क बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि का भुगतान

*1757. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले वर्ष पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड में बाढ़ के पानी में डूबने से मोहित मारू, गुलाबबाग, रूपलाल सौसे, दिवी पोखर महराजपुर, ज्योति कुमारी, किशनपुर बेलवा, हिना देवी, महराजपुर, जाहिदिन खातुन, महराजपुर, अल्वास आलम, किशनपुर, महराजपुर की मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतकों के आश्रितों को अभीतक सहायता अनुदान राशि उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को सहायता अनुदान राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभियंता का पदस्थापन

*1758. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नन्द कुमार की मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल-2 के अन्तर्गत बरूराज विधान सभा क्षेत्र में सहायक अभियंता का पद लगभग 3 वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में सहायक अभियंता की पदस्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0 5472, दिनांक 3 अक्टूबर, 2017 द्वारा श्री बलराम प्रसाद, सहायक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-2, मुजफ्फरपुर को अतिरिक्त प्रभार के रूप में बरूराज विधान सभा क्षेत्र का कार्य आवंटित था ।

योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0 2957, दिनांक 28 जून, 2019 द्वारा श्री सुमन कुमार सिंह, सहायक अभियंता को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-2, मुजफ्फरपुर में पदस्थापित किया गया है एवं उन्हें बरूराज विधान सभा क्षेत्र का कार्य अतिरिक्त प्रभार के रूप में आवंटित किया गया है ।

---

नोट--'क'-आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

मुआवजा देना

*1759. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के भतरंधा पंचायत, चित्ती पंचायत, बरदाहा पंचायत, झीटकिया पंचायत एवं रतनपुरा पंचायत में भारी वर्षा के कारण वर्ष 2016 में सैकड़ों कच्चे एवं अर्द्ध-पक्का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक पीड़ितों को गृह क्षति मुआवजा नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पीड़ितों को गृह क्षति मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना

*1760. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के डारह, द्वालख, महपतिया, बकुआ, भरगामा एवं करहारा का स्वास्थ्य उप-केन्द्र एवं बसीपट्टी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनहीन हैं, जिसके कारण मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराकर लोगों को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान

*1761. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मो0 युसुफ, पिता-फैजुद्दीन, ग्राम-पीपल टोला, ग्राम पंचायत पातेकोई कला, प्रखंड-कोचाधामन, जिला-किशनगंज की मृत्यु दिनांक 30 दिसम्बर, 2017 को सामुहिक सड़क दुर्घटना में हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने दिनों के बाद भी मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मकबरा का जीर्णोद्धार

*1762. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के हमजापुर में कमर अली सुलतान अलय का मकबरा अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मकबरा करीब 400 वर्ष पुराना ऐतिहासिक धरोहर काफी जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ऐतिहासिक धरोहर को सुफी सर्किट से जोड़ने एवं जीर्णोद्धार कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1763. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट रेफरल अस्पताल का निर्माण वर्ष 1991 में किया गया है, लेकिन 10 वर्षों में रेफरल अस्पताल काफी जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन काफी जर्जर होने के कारण कभी भी ध्वस्त होकर गिर सकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि का भुगतान

*1764. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंडान्तर्गत ग्राम-सुहिया में दिनांक 29 सितम्बर, 2018 को मिट्टी का मकान गिर जाने से रूपा कुमारी एवं अंजली कुमारी की मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक सहायता अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को सहायता अनुदान राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल का निर्माण

*1765. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के बाल्मिकिनगर पर्यटक स्थल है, परन्तु पर्यटकों के इलाज हेतु 40 किलो मीटर दूर बगहा या नेपाल में जाना पड़ता है, साथ ही तत्काल इलाज के लिये कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बाल्मिकिनगर में टूरिस्ट के लिये अस्पताल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल, तार बदलना

*1766. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत ग्राम-सलेमपुर में बिजली के जर्जर तार एवं पोल से बिजली सप्लाई की जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जर्जर विद्युत् पोल एवं तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली मुहैया कराना

*1767. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार गाँवों के सभी किसानों को सस्ती दर पर बिजली की सुविधा दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के प्रखंड धनरूआ तथा प्रखंड मसौढ़ी में कृषि कार्य के लिये बिजली की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे किसानों को खेती करने में काफी असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में किसानों के हित में बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1768. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसबा में महिला चिकित्सक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है, यदि हाँ तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिये महिला चिकित्सक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल एवं ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1769. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में पोल तार एवं ट्रांसफॉर्मर बदलने का कार्य बजाज और मोंटिकार्लो कम्पनी को दिया गया है, परंतु उक्त कम्पनी के द्वारा मंथर गति से कार्य किये जाने से विद्युत आपूर्ति बराबर बाधित रहती है जिससे उद्योग एवं जनजीवन प्रभावित रहता है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार हर घर निर्बाध बिजली आपूर्ति योजना में कार्य बाधित करने वाली उक्त कम्पनी पर कार्रवाई करने तथा शीघ्र बिजली तार, पोल एवं ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*1770. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंडान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुम्मौं, रघाउर, अमाना में विगत 5 वर्ष पूर्व में भवन का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर अभीतक चिकित्सक एवं कर्मीगण की पदस्थापना नहीं किये जाने के कारण मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि भुगतान करना

*1771. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के जोकीहाट प्रखंड पंचायत के चकई, भँसिया, सिमरिया इत्यादि पंचायत में वर्ष 2016 में आई बाढ़ से आवासीय घर जलमग्न हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड एक में वर्णित पंचायतों के वंचित लाभुक (i) मो० मो०सब्बीर आलम, ग्राम पं० सिमरिया (ii) मो० नजामुल हसन, ग्राम पं० चकई (iii) मो० हलीमउद्दीन, गाम-पं० भँसिया इत्यादि को अबतक बाढ़ सहायता राशि नहीं मिला है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अंचल स्तर से सभी तरह के जाँच प्रतिवेदन भुगतान हेतु जिला को समर्पित किया जा चुका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, अररिया के प्रतिवेदनानुसार कुछ लोगों के घरों में पानी नहीं घुसा था तथा कुछ पंचायत आंशिक रूप से प्रभावित हुये थे ।

(2) पंचायत अनुश्रवण समिति एवं प्रखंड समिति द्वारा पारित बाढ़ राहत सूची में प्रश्नगत लोगों का नाम अंकित नहीं रहने के कारण बाढ़ सहायता राशि का लाभ इन्हें नहीं दिया गया ।

--------

भवन का निर्माण

*1772. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत कुरैया पंचायत के कुरैया ग्राम में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, जो किराये के मकान में चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मरीजों की संख्यानुपात में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में जगह की भारी कमी है, जिससे मरीजों को काफी परेशनियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि देना

*1773. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बाढ़ प्रभावित परिवारों को 6,000/ रु० मुआवजा की राशि बैंक खातों के माध्यम से भुगतान करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में दरभंगा जिला में आयी भीषण बाढ़ से पीड़ित परिवारों में से 22,000 परिवारों के बैंक खाता में मुआवजा की राशि 6,000/ रु० का भुगतान अबतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाढ़ पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में 6,000/ रु० मुआवजा की राशि भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1774. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु आवश्यक जमीन 2 वर्ष पूर्व उपलब्ध होने के बाद भी आजतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1775. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड अन्तर्गत महपुरा में कारू बाबा स्थान और कन्दाहा में सूर्य मन्दिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है जहाँ पर काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कारू बाबा स्थान, महपुरा और सूर्य मन्दिर, कन्दाहा में कोई धर्मशाला या आश्रय स्थल नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर वहाँ धर्मशाला / आश्रय स्थल का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराना

*1776. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदीप कुमार सिंह, ग्राम-कर्ण कुदरिया, पो०-डूमरसन बंगरा, थाना-मसरक, जिला-सारण का NH-28 गोपालगंज में दुर्घटना में दिनांक 19 मार्च, 2019 को मृत्यु हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रदीप कुमार सिंह की दुर्घटना में हुयी मृत्यु की प्राथमिकी सिधवलिया थाना में 67/19 दर्ज करायी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित परजिनों को 4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रा० स्वा० केन्द्र संचालित करना

*1777. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष 2018 में ही बनकर तैयार हो गया, परन्तु आवश्यक उपकरण के अभाव में उक्त नव-निर्मित भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रखंड हनुमाननगर में नव-निर्मित भवन का उद्घाटन करते हुये उसमें आवश्यक उपस्कर एवं उपकरणों की आपूर्ति कर संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*1778. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखण्ड में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, कटोर की जमीन को मो० इद्रीस, श्री रती मोहन विश्वास, श्री विद्यानन्द विश्वास सहित 10 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन को उक्त व्यक्तियों के अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

एम्बुलेन्स उपलब्ध कराना

*1779. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये विधायक योजना से 2017-18 में एक एम्बुलेन्स की अनुशंसा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी मुजफ्फरपुर मुख्यालय से लगभग 55 किलो मीटर की दूरी पर है जिससे मरीजों को इलाज हेतु ले जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक योजना से अनुशंसा किये गये एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरण करना

*1780. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड के सी० एच० सी० प्रभारी लगभग 3 (तीन) वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सी० एच० सी० प्रभारी का स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

फीडर का निर्माण

*1781. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत हसनगंज प्रखण्ड में विगत दो वर्षों से पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे उपभोक्ता अनियमित विद्युत् आपूर्ति से परेशान हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा काफी धीमी गति से निर्माण कार्य करने के कारण विद्युत् ऊर्जा वितरण हेतु फीडर का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, जिससे उपभोक्ता अनियमित विद्युत् आपूर्ति से परेशान हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक हसनगंज पावर सब-स्टेशन के फीडर का निर्माण कर विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वा० उप-केन्द्र को चालू कराना

*1782. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखण्ड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, अगवानपुर में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी के पदस्थापित नहीं रहने के कारण बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापित करना

*1783. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी रेफरल अस्पताल में पिछले तीन वर्षों से महिला चिकित्सक के पदस्थापन नहीं रहने से महिला रोगियों को इलाज में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में कबतक महिला चिकित्सक को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1784. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला योजना कार्यालय में लेखापाल के पद पर श्री शिशिर कुमार राय चार वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री कुमार द्वारा विधायक योजना में मिट्टी के कार्य का जी० एस० टी० बिल सहायक अभियंता से माँग करते हैं जबकि नियमानुसार मिट्टी का रोयॉलटी कटता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मिट्टी के जी० एस० टी० बिल के नाम पर श्री राय द्वारा योजना को जानबूझ कर बाधित करने का कार्य किया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री राय की क्रियोकलापों की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1785. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंडान्तर्गत अमैया पंचायत के चार्खंड ग्राम में सरकारी जमीन की उपलब्धता के बावजूद भी प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र किराये के मकान में संचालित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है,, नहीं, तो क्यों ?

---------

निदेशक की नियुक्ति करना

*1786. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम, 1984 के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को निदेशक के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु कार्रवाई करनी है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015 से फरवरी, 2019 तक निदेशक की नियुक्ति हेतु कोई कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम, 1984 की धारा 12 में संशोधन पर निदेशक पदधारक को तीन वर्ष का विस्तार दिये जाने का प्रावधान करना पड़ा, परन्तु फिर भी मार्च, 2019 से आजतक निदेशक की नियुक्ति हेतु विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निदेशक के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु प्रक्रिया कबतक पूरी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शव गृह की व्यवस्था

*1787. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (221)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद सदर अस्पताल तथा नवीनगर रेफरल अस्पताल में शव को सुरक्षित रखने का समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण एक या दो दिन में ही शव खराब हो जाता है, जिससे परिजन को शव पहचान पाने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में आधुनिक शव गृह की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाइट लगवाना

'ख'-*1788. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी में बाजारनुमा चौक, केरमा, कुढ़नी, तुर्की, मनियारी, पदमौल, रजला, बलिया, बलौर, लदौड़ा, सुमेरा माधोपुर समेत दर्जनों स्थल पर हाईमास्क लाइट नहीं लगे रहने के कारण एक वर्ष में चोरी-डकैती की संख्या में बढ़ोतरी हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर हाईमास्क लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1789. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-सीवान के प्रखंड गोरेयाकोठी, लकड़ी नबीगंज तथा बसंतपुर के 100 से ज्यादा किसान अपने बोरिंग के लिये कृषि हित में बिजली कनेक्शन ले चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा आजतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है जबकि कनेक्शन लिये हुये 4 माह से ज्यादा हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में ट्रांसफॉर्मर लगवाकर सिंचाई व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-ऊर्जा विभाग द्वारा ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

सीट आरक्षित करना

*1790. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के प्राईवेट मेडिकल कॉलेज में एम० बी० बी० एस० नामांकन में बिहार निवासी छात्र-छात्राओं को कोई प्राथमिकता नहीं दिया जाता है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को अन्य राज्य में ज्यादा फीस देकर एम० बी० बी० एस० करने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राईवेट मेडिकल कॉलेज में बिहारी छात्र-छात्राओं हेतु अन्य राज्यों के भाँति 30 प्रतिशत सीट आरक्षित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार, पोल लगाना

*1791. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर एवं हनुमाननगर प्रखंड के कपछाही, अरैला सहित 40 गाँव में पुराना तार और पोल लगा हुआ है जो काफी जर्जर हो गया है जिससे आये दिन तार में तार टकराने से आग लगने एवं दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ऊपर वर्णित गाँवों में पुराना तार एवं पोल हटाकर नया कभर तार और पोल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

गुणवत्ता की जाँच कराना

*1792. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत आई० पी० डी० एस० योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के जर्जर बिजली तार को बदलने तथा जगह-जगह कवरयुक्त तार लगाने का संविदा मे० लुमिनो इन्डस्ट्री प्राईवेट लिमिटेड, कलकत्ता को एक वर्ष पूर्व दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा के शर्त के अनुसार संवेदक अपना कार्य पूरा नहीं कर पाया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जर्जर तार और (स्कॉप) कवरयुक्त तार में माप-दंड के अनुरूप नहीं होने से गुणवत्ता का अभाव है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य पूर्ण कराने तथा गुणवत्ता की जाँच करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1793. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में स्थित सदर अस्पताल का भवन पुराना एवं जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में भवन के छत से पानी का रिसाव होता है जिसके कारण मरीजों और कर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुराने व जर्जर सदर अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य व्यापक जनहित में शीघ्र कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*1794. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिला में माँझी प्रखण्ड के ताजपुर में एक पावर ग्रिड स्टेशन बनाने के लिये सरकार द्वारा वर्ष 2019 में स्वीकृति प्रदान की है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय अधिकारी एवं राजस्व विभाग के स्थानीय अधिकारियों की शिथिलता के कारण पावर स्टेशन के लिये सरकारी जमीन का चयन अभीतक नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ताजपुर पावर स्टेशन के लिये जमीन का चयन एवं अधिग्रहण कर पावर स्टेशन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यान्वयन कराना

*1795. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा नगर, बगहा-1 तथा बगहा-2 प्रखण्ड के कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज तथा सब-स्टेशनों के बीच जंगल क्षेत्र में लम्बी दूरी होने के कारण मेंटेनेन्स में कठिनाई की समस्या के फलस्वरूप उपभोक्ताओं को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन समस्याओं के निदान हेतु स्थानीय अधिकारियों ने नॉर्थ बिहार पावर लिमिटेड कंपनी, पटना को बगहा में ग्रिड सब-स्टेशन बनाने हेतु, विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र से बगहा शहरी क्षेत्र के लिये अलग फीडर बनाने हेतु तथा बगहा-2 में नया शक्ति उप-केन्द्र बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में इंगित प्रस्तावों का कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, हाँ, तोकबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*1796. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत सोनो प्रखण्ड के कैलाश पहाड़ी एवं प्रखंड चकाई के धोबघट धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पूजा-अर्चना करते हैं, परन्तु श्रद्धालुओं के लिये शौचालय, पानी, विश्रामालय आदि की व्यवस्था नहीं है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त दोनों स्थानों पर उक्त सुविधा की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कमरों का निर्माण

*1797. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के अगियाँव प्रखण्ड अन्तर्गत अजीमाबाद किरकिरी में 10 वर्ष पूर्व में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र दो कमरा के चलते चिकित्सक एवं कर्मीगण को मरीजों का इलाज के क्रम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## स्टेडियम का निर्माण

*1798. श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी ऑन-सोन में बी० एम० पी० के पास 12 वर्ष पूर्व सांसद निधि से स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था जो आजतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## तकनीकी कर्मी का पदस्थापन

*1799. श्री फराज फातमी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत केवटी प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तकनीकी कर्मी की नियुक्ति नहीं होने के कारण एक्स-रे मशीन व अन्य उपकरण बंद पड़े हैं, जिसके कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आये रोगी का इलाज ठीक से नहीं हो पा रहा है जिससे आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में तकनीकी कर्मी पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## I.C.U. की सुविधा उपलब्ध कराना

*1800. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी सदर अस्पताल में आई० सी० यू० और सी० सेक्शन नहीं रहने के कारण पिछड़ा जिला मधुबनी के गरीब मरीजों को प्राईवेट अस्पताल में इलाज हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मधुबनी सदर अस्पताल में आई० सी० यू० और सी० सेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नामकरण करना

*1801. श्री प्रकाश राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत महारानी जानकी कुंअर अस्पताल, बेतिया के सभी भवन व भूमि का अधिग्रहण करते हुये राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया की स्थापना वर्ष 2007 में की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि भूमिदाता के नाम पर सरकारी अस्पताल का नामकरण करने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया का नामकरण भूमिदाता महारानी जानकी कुंअर चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया के नाम से करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत करना

*1802. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना में नियमित कर्मचारी से तीन गुणा अधिक आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन इन्हें अनुभव प्रमाण-पत्र संस्थान द्वारा नहीं दिया जाता है, यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना में कार्यरत उक्त कर्मचारी को कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना का द्रुत गति देना

*1803. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में आयुष्मान योजना के तहत् इलाज करने के लिए कुल 567 निजी अस्पतालों ने अपनी निबन्धन हेतु आवेदन मुख्यालय में दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल प्राप्त आवेदनों से मात्र 84 का निबंधन स्वीकार एवं 42 को अयोग्य घोषित किया गया है जबकि 430 ये अधिक आवेदनों पर अभीतक विचार नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शत-प्रतिशत आवेदनों को निष्पादित कर योजना को द्रुतगति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1804. श्री सैयद अबु दौजना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चोरौत प्रखण्ड अन्तर्गत भंटाबारी पंचायत के ग्राम-बसोतरा में वर्ष 1994 में प्राथमिक उप-केन्द्र का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्ष में ही जमीनदाता द्वारा बिहार सरकार के नाम से भवन बनाने हेतु दान दिया गया है, परन्तु 25 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अभीतक भवन का निर्माण नहीं हो सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में उक्त स्थान पर पदस्थापित कर्मीगण को इलाज के क्रम में काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति

*1805. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर लगभग 5 वर्षों से प्रतिनियुक्त नहीं है तथा प्रसूती का कार्य ANM द्वारा लिया जा रहा है, जिससे जच्चा एवं बच्चा के साथ किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*1806. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लाईलाज बीमारी (चमकी बुखार) से मरने वाले मृतक के परिवार को सांत्वना के रूप में 4 लाख रुपये भुगतान किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि आये दिन कैंसर, सर्पदंश एवं कुत्ता के काटने आदि से हुई बीमारी से गरीबों की मौत हो रही है, जिसके कारण मृतकों के परिजनों पर प्रतिकूल असर पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैंसर, सर्पदंश, कुत्ता के काटने आदि से हुई बीमारी से मरने वाले के परिवार को सांत्वना के रूप में 4 लाख रुपये का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र खुलवाना

*1807. श्री फराज फातमी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत केवटी प्रखण्ड के के मोहम्मदपुर एवं सिंघवारा प्रखण्ड के बसतवारा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिसके कारण माधोपुर, मनिहास, बनौली, मोहम्मदपुर लाधा, श्यामचक, परसापुर आदि दर्जनों गाँव के एक लाख पचास हजार की आबादी स्वास्थ्य लाभ से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो तो सरकार उक्त वर्णित स्थलों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खुलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

धरोहर को संरक्षित रखना

*1808. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखण्ड के एन0 एच0 83 पर अवस्थित नेर ग्राम में द्वापरयुगीन शिव मंदिर आज जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने इसके विकास हेतु जिले मीरा विगहा पर्यटन केन्द्र से जोड़ने एवं विकास हेतु राशि आवंटन का प्रावधान किया गया था, परंतु इसकी देख-रेख की व्यवस्था नहीं होने से प्राचीन मूर्तियाँ चोरी होती चली गयी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धरोहर को संरक्षित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भेपर लाइट लगाना

'ग'-*1809. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में E.E.S.L. कम्पनी को भेपर लाईट लगाने की जिम्मेवारी दी गयी थी साथ की खराब भेपर लाईट को 48 घंटे के अन्दर बदलने की व्यवस्था की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा नगर निगम 34 वार्डों में भेपर लाईट लगाई गयी है, 9 वार्डों में भेपर लाईट नहीं लगायी गयी है, जिस वार्ड में भेपर लाईट लगाई गयी है अधिकांश खराब पड़ी हुई है उसे 48 घंटों में बदल कर दूसरा भेपर लाईट नहीं लगाया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड में भेपर लाईट लगाने एवं खराब भेपर लाईट बदल कर दूसर भेपर लाईट कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्ति करना

*1810. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड के घोषौत पंचायत स्थित पी0 एच0 सी0 जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा डॉक्टर नहीं रहने के कारण मरीजों को चिकित्सा कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित चिकित्सालय में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति के साथ जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराना

*1811. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मलमलिया एवं सुर्यपुरा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र डॉक्टर के अभाव में कई वर्षों से बंद है, जबकि एन0 एच0 101 के सटे होने के कारण सड़क पर होने वाली दुर्घटना के घायल मरीजों का ससमय इलाज नहीं होने के कारण मृत्यु हो जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वा0 केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट:--'ग'-ऊर्जा विभाग द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

भवन का निर्माण

*1812. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड में स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खोपा एवं ब्रह्मपुर किराये के मकान में चल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक के रूप में विकसित करना

*1813. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के भदौल ग्राम में पीरबाबा स्थान है, जहाँ प्रत्येक शुक्रवार को हजारों श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान से पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास उपलब्ध कराना

'घ'-*1814. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के बदलुचक, बाबुपुर, खबासपुर एवं कहलगाँव प्रखण्ड के सोभनाथपुर, पन्नूचक गाँव में वर्ष 2016 में अगलगी में आधा गाँव जल कर राख हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अगलगी से प्रभावित परिवार को इन्दिरा आवास देने का प्रावधान है, परन्तु अभीतक उक्त पीड़ित परिवार को इन्दिरा आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित परिवारों को इन्दिरा आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*1815. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड मानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक/चिकित्सक ANM, ड्रेसर एवं कम्पाउण्डर तथा अल्ट्रासाउण्ड मशीन नहीं होने के कारण लोग निजी क्लीनिक में इलाज को लोग मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महिला चिकित्सक/चिकित्सक ANM, ड्रेसर को उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट—'घ'-आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

अनुदान देना

*1816. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत धुरियाही पंचायत शाहपुर मौजा के राम नारायण यादव एवं अन्य 39 किसानों को अंचल पदाधिकारी, मनिहारी से कई बार अनुरोध करने पर भी 2017-18 की बाढ़ में हुयी फसल की क्षति का क्षतिपूर्ति अनुदान अबतक प्राप्त नहीं हो सका है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त किसानों को फसल क्षतिपूर्ति अनुदान उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल-जमाव से मुक्ति दिलाना

*1817. डॉ० सी० एन० गुप्ता--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 मई, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''इमरजेंसी कक्ष के बाहर नाली का पानी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा नगर में स्थित सदर अस्पताल की हालत यह है कि बिना बरसात के ही इमरजेंसी कक्ष के बाहर गेट पर जल-जमाव हो गया है, जिससे डॉक्टर, स्टॉफ एवं मरीजों को आवागमन में कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक इमरजेंसी गेट पर जल-जमाव से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*1818. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, भुल्ली के भवन निर्माण हेतु मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), पटना का पत्रांक 2644, दिनांक 17 नवम्बर, 2016 जो प्राक्कलित राशि 1,94,63,000 से तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया है, लेकिन अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गयी है;

(2) यदि हाँ, तो सरकार उक्त औषधालय का भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये भवन का निर्माण कार्य कबतक शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) विहित प्रक्रियानुसार आवश्यकता के आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

चहारदीवारी का निर्माण

*1819. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, गुड़ी में चिकित्सक नहीं हैं, और साथ ही उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिये चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

औचित्य बतलाना

*1820. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी स्थित सदर अस्पताल को वित्तीय वर्ष 2017-18 में ही मॉडल हॉस्पिटल बनाने हेतु सरकार ने चयनित किया था, परंतु अभीतक उक्त अस्पताल को मॉडल हॉस्पीटल के रूप में विकसित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------------

अनुदान राशि देना

*1821. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजापाकर प्रखंड के ग्राम-नारायणपुर के संतोष साह, पिता-नरेश साह का दिनांक 31 अक्टूबर, 2018 एवं मनीष कुमार, पिता-मनोज साह का दिनांक 13 नवम्बर, 2018 एवं सहदेई प्रखंड में ग्राम-सुलतानपुर के रोजा खाँ, पिता-मुस्तुफा खाँ का दिनांक 22 मई, 2018 एवं शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, पिता-दरोगा सिंह, ग्राम-नयागाँव पूर्वी का दिनांक 14 नवम्बर, 2018 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये का अनुदान देना है, जो अभीतक नहीं मिल पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपये देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*1822. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बंदरा प्रखण्ड मुख्यालय में 2 करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त भवन के निर्माण में घटिया ईंट एवं लोकल बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक 19 जुलाई, 2019 (ई०)।

बि०स०मु० – 45 (एल० ए०), 2019-20 डी०टी०पी० -550